गेल (इंडिया) लिमिटेड
(भारत सरकार का उपक्रम – महारत्न कंपनी)
GAIL (India) Limited
(A Government of India Undertaking - A Maharatna Company)

गेल भवन,
16 भीकाएजी कामा प्लेस
नई दिल्ली-110066, इंडिया
GAIL BHAWAN,
16 BHIKAIJI CAMA PLACE
NEW DELHI-110066, INDIA
फोन/PHONE: +91 11 26182955
फैक्स/FAX: +91 11 26185941
ई–मेल/E-mail: info@gail.co.in

एनडी/गेल/सेक्ट/2021

01.12.2021

1. लिस्टिंग अनुपालन नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड एक्सचेंज प्लाजा, 5वीं मंजिल, प्लॉट सं. सी/1, जी ब्लॉक, बांद्रा-कुर्ला कॉम्प्लेक्स, बांद्रा (पूर्व) मुंबई-400 051 **स्क्रिप कोड: गेल-ईक्यू**	2. लिस्टिंग विभाग, बीएसई लिमिटेड फ्लोर 1, फिरोज जीजीभॉय टॉवर्स, दलाल स्ट्रीट, मुंबई- 400001 **स्क्रिप कोड: 532155**

विषय : निदेशन में परिवर्तन: निदेशक (वित्त) की नियुक्ति

महोदय/महोदया,

सूचित किया जाता है कि गेल की सेवाओं से दिनांक 30.11.2021 को अपनी सेवानिवृत्ति के बाद श्री ए.के. तिवारी, निदेशक (वित्त) तथा मुख्य वित्तीय अधिकारी (डीआईएन: 07654612) दिनांक 01.12.2021 की प्रभावी तारीख से कंपनी के निदेशक नहीं हैं।

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने पत्र सं.सीए-31022/1/2019-पीएनजी (32917) दिनांक 30.11.2021 के द्वारा श्री राकेश कुमार जैन को कंपनी के निदेशक (वित्त) के रूप में नामित किया है। निदेशक मंडल ने दिनांक 30.11.2021 को आयोजित अपनी बैठक में कंपनी के अतिरिक्त निदेशक के रूप में दिनांक 01.12.2021 की प्रभावी तारीख से श्री राकेश कुमार जैन (डीआईएन 08788595) की नियुक्ति को निदेशक (वित्त) तथा मुख्य वित्तीय अधिकारी के पद हेतु अनुमोदित कर दिया है।

श्री राकेश कुमार जैन से संबंधित सूचना इस प्रकार है:

क) संक्षिप्त प्रोफाइल

श्री राकेश कुमार जैन पेशे से एक कॉस्ट एंड मैनेजमेंट एकाउन्टेंट हैं। श्री जैन के पास विदेशी मुद्रा जोखिम प्रबंधन, पूंजी बजट, कॉर्पोरेट बजट, कॉर्पोरेट लेखा, दीर्घकालिक अंतर्राष्ट्रीय एलएनजी और गैस करारों को अंतिम रूप देने, मूल्य निर्धारण, द्रवीकरण और पुनर्गैसीकरण टर्मिनल सेवा करारों, विलय और अधिग्रहण, कराधान, विनियामक पहलू आदि सहित कॉर्पोरेट वित्त और ट्रेजरी के क्षेत्र में लगभग 30 वर्षों का समृद्ध अनुभव है।

ख) <u>निदेशकों के मध्य संबंधों का प्रकटीकरण</u>

श्री राकेश कुमार जैन का कंपनी के अन्य निदेशक(कों) के साथ आपस में कोई संबंध नहीं है।

ग) इसके अतिरिक्त पुष्टि की जाती है कि श्री राकेश कुमार जैन सेबी / निगमित कार्य मंत्रालय या किसी अन्य प्राधिकरण के किसी भी आदेश के आधार पर निदेशक का पद संभालने से विवर्जित नहीं हैं।

यह सेबी (सूचीकरण बाध्यताएं एवं प्रकटन अपेक्षाएं) विनियमन, 2015 के अनुपालन में है।

उपर्युक्त आपके सूचनार्थ एवं रिकार्ड हेतु है।

धन्यवाद,

भवदीय,

(एं. के. झा)
कंपनी सचिव

प्रति:

1. ड्यूश बैंक ए जी, फिलिआले मुंबई
   टीएसएस एंड ग्लोबल इक्विटी सर्विसेस
   द कैपिटल, 14वीं मंज़िल
   सी-70, जी ब्लॉक, बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स
   मुम्बई-400051

   ध्यानाकर्षण : सुश्री अपर्णा सालुंके

2. लंदन स्टॉक एक्सचेंज
   रेगुलेटरी न्यूज सर्विस डिपार्टमेंट (आरएनएस)
   10, पेटरनोस्टर स्क्वेयर
   लंदन EC4M 7LS

   एवीएस न.- 240039

3. आईडीबीआई ट्रस्टशिप सर्विसेज़ लिमिटेड,
   एशियन बिल्डिंग, भू-तल,
   17, आर. कमानी मार्ग, बलार्ड एस्टेट,
   मुम्बई-400 002